# कांग्रेस को प्रदेश में सबसे रद्दी अध्यक्ष मिला

## शुजालपुर में आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर लगाए आरोप

नवभारत न्यूज

**शाजापुर, 31 मई. शाजापुर जिले के शुजालपुर में विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के लिए आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश को बीमारु राज्य कांग्रेस ने बनाया था और भाजपा सरकार ने प्रदेश को बीमारु राज्य से बाहर किया.**

सीएम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर वार करते हुए कहा कि आजादी के बाद मध्यप्रदेश को अब तक का सबसे रद्दी अध्यक्ष मिला. सीएम मोहन यादव यहीं नहीं रुके. उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी दो कौड़ी के हैं. जो खुद विधानसभा चुनाव हार गए, जिनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव बुरी तरह हारे. यहां तक कि इंदौर लोकसभा में वे अपना प्रत्याशी नहीं बचा पाए और भाजपा से मुकाबला करने का ढोंग रच रहे हैं. सीएम ने कहा कि जीतू पटवारी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं. प्रदेश में 20 साल कांग्रेस की सरकार नहीं आएगी.



गौरतलब है कि शुजालपुर में रोड शो के बाद आमसभा को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर सबसे बड़ा हमला बोलते हुए उन्हें अब तक का सबसे रद्दी अध्यक्ष कह दिया. उन्होंने कहा कि मैं अभिनंदन लाल हूं, मुझे गर्व है, मगर तुम टपोरीलाल हो. कांग्रेस पर जबरदस्त हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में एक से एक ढपोलशंख है. शुजालपुर में सांदीपनि विद्यालय और आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय के भूमिपूजन एवं लोकार्पण में आए थे.

इस अवसर पर शुजालपुर विधायक इंदरसिंह परमार, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, सांसद महेंद्र सोलंकी, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम टेलर, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष रवि पांडे आदि मौजूद थे.

> कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस वर्ष गेहूं खरीदी में लगभग 14 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड खरीदी की गई है और समर्थन मूल्य पर किसानों का पूरा गेहूं खरीदा है. सोयाबीन में भावांतर योजना का लाभ किसानों को दिया है. उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष के तहत राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करेगी.

### मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर कांग्रेस का हमला





**भोपाल.** कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और किसान समाज का अपमान बताया है. कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की है. बयान में मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि जीतू पटवारी किसान परिवार से आते हैं और उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसे देश अन्नदाता के रूप में सम्मान देता है. उन्होंने कहा कि किसानों का मूल्य धन या पैसों से नहीं आंका जा सकता और किसान पुत्र के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग पूरे किसान समाज की गरिमा पर आघात है. मुकेश नायक ने कहा कि लोकतंत्र में किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी कीमत लगाकर नहीं किया जाता. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं पर राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी जीत और हार किसी भी नेता की योग्यता अथवा जनस्वीकार्यता का अंतिम पैमाना नहीं हो सकती. उन्होंने कहा कि देश में अनेक ऐसे नेता हुए हैं जिन्होंने चुनावी पराजय का सामना किया, लेकिन बाद में जनता के बीच और अधिक सम्मान प्राप्त किया. उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी और बाबूलाल गौर जैसे वरिष्ठ नेताओं ने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद कभी व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा नहीं लिया.

# मकान सूचीकरण, गणना का कार्य पूरा

**07 लाख परिवारों ने स्वयं दर्ज की जानकारी**

**भोपाल, 31 मई. मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का मैदानी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया गया है. यह अभियान एक मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया गया.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस बार गणना कार्य डिजिटल माध्यम से किया गया. प्रगणकों ने घर-घर पहुंचकर मोबाइल अनुप्रयोग के जरिए मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित 33 अधिसूचित बिंदुओं की जानकारी दर्ज की. गणना प्रक्रिया की निगरानी एक विशेष पोर्टल के माध्यम से की गई. मैदानी कार्य से पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी, जिसके तहत प्रदेश के सात लाख से अधिक परिवारों ने स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराई. राज्य के 55 जिलों, 425 नगरीय निकायों, 449 तहसीलों और 54 हजार 923 गांवों में यह कार्य संपन्न किया गया. इसके लिए एक लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए थे. अभियान में एक लाख 44 हजार से अधिक प्रगणक और पर्यवेक्षक लगाए गए, जबकि 15 हजार कर्मियों को आरक्षित रखा गया था. निदेशक जनगणना कार्य मध्यप्रदेश ने अभियान के सफल संचालन में सहयोग देने वाले नागरिकों, प्रशासनिक अमले और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया है. जनगणना का दूसरा चरण, जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा.

> अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दौरान एकत्रित व्यक्तिगत जानकारी को जनगणना अधिनियम 1948 और जनगणना नियमावली 1990 के प्रावधानों के तहत पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा. इन आंकड़ों का उपयोग केवल जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतिगत निर्धारण के लिए किया जाएगा.

# आयुष्मान योजना : कागजी दस्तावेजों से नहीं होगा भुगतान

**दर्ज करना होगा मरीज के इलाज का डिजिटल रिकार्ड**

**सड़क हादसों में गोल्डन आवर पैकेज में मिलेगा अलग खर्च**

**जले-झुलसे मरीजों के लिये गंभीरता देख वहन होगा खर्च**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 31 मई. प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद वर्ग को मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान भारत योजना को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा तकनीकी बदलाव किया है.**

नई व्यवस्था के तहत अब अस्पतालों में केवल कागजी दस्तावेजों के आधार पर क्लेम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा. बल्कि मरीजों के अस्पताल पहुंचने के समय से लेकर उनकी बीमारी की गंभीरता और इलाज के दौरान होने वाली हर छोटी बड़ी जांच का पूरा डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य कर दिया गया है. ता दें इसके लिये प्रदेश सरकार ने टियर एक, टियर दो और टियर तीन श्रेणी के अस्पतालों में नया पैकेज सिस्टम लागू कर दिया है, जिससे मॉनिटरिंग व्यवस्था और पारदर्शी होगी.

सड़क हादसों और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों की जान बचाने के लिए सरकार ने पहली बार गोल्डन ऑवर पैकेज की शुरुआत की है. एक्सीडेंट के बाद के पहले एक घंटे को चिकित्सा विज्ञान में गोल्डन ऑवर माना जाता है, जिसमें त्वरित इलाज मिलने पर मरीज के बचने की संभावना सबसे अधिक होती है. इस नए पैकेज के तहत दुर्घटना के तुरंत बाद मिलने वाले पहले घंटे के इलाज का पूरा खर्च अलग से कवर किया जाएगा. इसमें मरीज को दी जाने वाली तत्काल ऑक्सीजन, आईवी फ्लूड, इंट्यूबेशन, ट्रॉमा मैनेजमेंट और दुर्घटना स्थल पर की जाने वाली जरूरी प्राथमिक जांचों के खर्च को विशेष तौर पर शामिल किया गया है.

> फर्जी तरीके से दस्तावेज दिखाकर इलाज की राशि वसूलने पर रोक और अधिक पारदर्शिता के साथ मरीजों को सुगम इलाज, कम से कम राशि में मिल सके. जिसके लिये नए नियम को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है.
> **मनीष शर्मा,** सीएमएचओ, भोपाल

### बर्न केस में गंभीरता के आधार पर मिलेगी राशि

गंभीर रूप से झुलसे मरीजों के इलाज के पैकेज में मरीजों के लिए एक समान भुगतान की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है. नई गाइडलाइन के अनुसार मरीज के शरीर के जलने के प्रतिशत के आधार पर ही अस्पताल को भुगतान राशि तय होगी. उदाहरण के तौर पर 25 से 40 प्रतिशत तक जलने वाले मरीजों के इलाज के लिए 27 हजार 750 रुपये और 60 से 80 प्रतिशत तक झुलसे मरीजों के लिए 67 हजार 200 रूपये का पैकेज निर्धारित किया गया है. वहीं क्लेम पास करने के लिए अस्पताल को मरीज की फोटो, इंजरी की सटीक प्रकृति और डिस्चार्ज से जुड़े पुख्ता दस्तावेज अनिवार्य रूप से ऑनलाइन सबमिट करने होंगे.

### मरीजों के इलाज की देनी होगी लाइव जानकारी

अब अस्पतालों को मरीज के ऑपरेशन की लाइव फोटो, इलाज में इस्तेमाल होने वाले किसी भी तरह के इम्प्लांट का बारकोड और विस्तृत डिस्चार्ज समरी को सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना होगा. इसके अलावा डायलिसिस के मरीजों के लिए बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का दायरा भी काफी बढ़ा दिया गया है. सूत्रों के अनुसार डायलिसिस की प्रक्रिया के दौरान मरीजों को कई बार थंब ऑथेंटिकेशन यानी अंगूठे का निशान देना पड़ सकता है.



# प्रभात फेरी से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

▶ रिलायंस टाउनशिप में चला स्वच्छता और जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मई। विश्व पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रिलायंस टाउनशिप, सासन में प्रभात फेरी एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में टाउनशिप के निवासी, महिलाएं, कर्मचारी, अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य रतिपाल ठाकुर रहे। उन्होंने टाउनशिप में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबी प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता संबंधी संदेश दिए तथा टाउनशिप परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमुख पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जितेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से पर्यावरणीय गतिविधियों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने और हरित भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उद्यानिकी टीम के सहयोग से लगभग छः एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष अर्नब भौमिक, अधिकारी सांडा, अनुराग केसरी और करुणेश मिश्रा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# अमहरा वाटर पार्क बना विवादों का अड्डा, छेड़छाड़ के बाद विवाद का वीडियो वायरल

## सत्ता के सहारे चल रहा खेल, नियम-कानून बेअसर, आम लोगों की सुरक्षा लगातार हो रही नजरअंदाज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मई। माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमहरा वाटर पार्क अब सैर-सपाटे और परिवारिक मनोरंजन की जगह कम, विवादों और अव्यवस्था का केंद्र ज्यादा नजर आने लगा है।**

ताजा मामला उस वायरल वीडियो ने उजागर किया है, जिसमें नहाने के दौरान एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ के बाद जमकर विवाद होता दिख रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच इस तरह की घटनाएं कैसे हो रही हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पार्क के भीतर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि यहां शराबखोरी आम बात बन चुकी है, जिससे माहौल और



अधिक बिगड़ता जा रहा है। नशे में धुत लोगों के कारण आए दिन विवाद और मारपीट की स्थिति बन जाती है, जिससे परिवार के साथ आने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वायरल वीडियो ने प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर यह जगह वास्तव में परिवारिक मनोरंजन के लिए है, तो फिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति क्यों हो रही है। क्या सुरक्षा कर्मी सिर्फ नाम के लिए तैनात हैं या फिर नियमों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो यह वाटर पार्क किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी और प्रबंधन इस वायरल सच्चाई के सामने क्या कदम उठाते हैंए या फिर सब कुछ ऐसे ही चलता रहेगा।

**सपोर्ट सत्ता का इसलिए बेखौफ**

**चलता विवादों का खेल-** सपोर्ट सत्ता का हो तो नियम भी शायद सलाम ठोकने लगते हैं, अमहरा वाटर पार्क का हाल कुछ ऐसा ही दिखाई दे रहा है। यहां विवाद, छेड़छाड़ और शराबखोरी जैसे आरोप अब आम खबर बन चुके हैं, लेकिन कार्रवाई कहीं नजर नहीं आती। ऐसी में चर्चा है कि वाटरपार्क के संचालक की ऊपर तक पहुंच और सत्ता का साया साफनजर आ रहा। नतीजा यह कि जिम्मेदार बेखौफ हैं और नियम किताबों में बंद कर दिया गया हैं। ऐसे में कब कोई बड़ा कांड हो जाए तो हैरानी नहीं होगी। सवाल यह है कि क्या कानून आम लोगों के लिए ही है, अगर यही हाल रहा तो मनोरंजन स्थल का यह तमगा जल्द ही विवादों का स्थायी अड्डा बनकर रह जाएगा।

# अस्पताल में फर्जी डॉक्टरों की भर्ती कराने वाले गिरफ्तार

**45 लाख का मशरूका जब्त**

नवभारत न्यूज

**दमोह, 31 मई. संजीवनी अस्पताल में फर्जी डॉक्टरों को भर्ती कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 3 कार और 5 लाख 36 हजार 900 रुपये नकद सहित करीब 45 लाख का मशरूका जब्त किया गया है.**

टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने बताया कि अपराध क्रमांक 479/26 धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस 480/26 धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस में गिरफ्तार आरोपी हीरा सिंह पिता रामप्रकाश कौशल उम्र 44 साल निवासी कोहेफिजा भोपाल और आदिल सिद्दीकी पिता स्व. अफजल सिद्दीकी उम्र 37 साल निवासी बाग दिल खुश भोपाल से जब्ती का विवरण काले रंग की थार रजि. क्र. एमपी 04 जेडके 0111 कीमत करीब 15 लाख सफेद रंग की आई, 20 कार रजि. क्र. एमपी 04 वाईक्यू 4623 कीमत करीब 10 लाख, सफेद रंग की स्कॉर्पियो रजि. क्र. एमपी 04 जेडवाई 6569 कीमत करीब 15 लाख और नकद 5 लाख 36 हजार 900 रुपये का कुल मशरूका करीब 45 लाख रुपये बताया गया है.

### श्रद्धांजलि सभा में याद की जाएंगी नायक की माताजी

**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की पूज्य माताजी कांतिदेवी नायक की स्मृति में 1 जून को भोपाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी. कांतिदेवी नायक का 20 मई 2026 को निधन हो गया था. दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए आयोजित इस सभा में परिवारजन, राजनीतिक सहयोगी, शुभचिंतक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. आयोजकों के अनुसार श्रद्धांजलि सभा सोमवार, 1 जून को सायं 5 बजे से 6 बजे तक शिवाजी नगर (5 नंबर) स्थित सिंधु भवन में आयोजित होगी. इस अवसर पर उपस्थितजन स्वर्गीय कांतिदेवी नायक के जीवन और उनके योगदान को स्मरण करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे.



### मड़वास पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा, 3.722 किलो गांजा बरामद

**सीधी 31 मई,** जिले में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत मड़वास पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 किलो 722 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 55 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अतर सिंह के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेन्द्र उर्फ गोलू साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम नदहा, थाना मड़वास के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.722 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# एसपी का चितरंगी-गढ़वा थानों में आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 मई। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी सियाज केएम ने आज रविवार को चितरंगी एवं गढ़वा थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, कार्यालयीन कार्यप्रणाली तथा पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की।**



चितरंगी थाना पहुंचने पर एसपी ने थाना प्रभारी सुधेश तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों की स्थिति, शिकायतों के निराकरण तथा जनसुनवाई व्यवस्था की जानकारी ली। थाना अभिलेखों, रोजनामचा, अपराध रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव पर संतोष व्यक्त किया। एसपी ने थाना स्टाफ से सीधे संवाद कर उनकी कार्यशैली, ड्यूटी व्यवस्था और क्षेत्रीय चुनौतियों के संबंध में फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने फरियादियों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। गढ़वा थाना के निरीक्षण के दौरान भी एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त और निगरानी बढ़ाने पर बल दिया। निरीक्षण के अंत में एसपी सियाज केएम ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौती का त्वरित और प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए पुलिस बल को हमेशा तैयार रहना चाहिए। उनके इस निरीक्षण से पुलिस महकमें में सक्रियता बढ़ी है और थाना स्तर पर कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भाराप महासंघ का प्रांतीय सम्मेलन बर्फानी आश्रम अमरकंटक में हुआ

## पत्रकारिता दिवस समारोह में शामिल पत्रकारों साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**सिरमौर 31 मई, हिन्दी पत्रिकारिता दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ मध्य प्रदेश इकाई द्वारा श्री बर्फानी आश्रम सभागार अमरकंटक में एक दिवसीय सम्मेलन प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता और राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के विशिष्ट आतिथ्य एवं बर्फानी आश्रम के स्वामी पीठाधीश्वर पूज्य संत महामण्डलेश्वर आचार्य लक्ष्मणदास बालयोगी महाराज के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।**

सम्मेलन में पत्रकार महासंघ के स्थापना दिवस 15 जुलाई को भोपाल मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाने के साथ ही कई निर्णय लिए गए। घनश्याम दास खरे राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य को पत्रकार कल्याण प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी घोषित किया गया। सम्मेलन में स्वामी कल्पनेश की पुस्तक *कल्पनेश की काव्य गंगा*, काव्य संग्रह एवं आनंद नारायण पाठक अभिनव की *सपनों की उड़ान* दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार महासंघ द्वारा समय-समय पर सम्मेलन संगोष्ठियों एवं बैठकों



के माध्यम से पत्रकारों की समस्याओं ,छोटे मझौले समाचार पत्रों के प्रकाशन पर होने वाली विभिन्न तरह की समस्याओं के संबंध में प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों को समय-समय पर भेजे जाते हैं, लेकिन पत्रकारों की समस्याओं पर सरकारें गंभीरता के साथ विचार नहीं करती, जिसके कारण पत्रकारों को समाचारों के लेखन के साथ ही समाचार पत्रों के प्रशासन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों के अधिमान्यता के लिए समितियों का गठन लगातार होते रहना चाहिए लेकिन यहां समितियां भंग करने के बाद दूसरी बार शीघ्र गठित नहीं की जाती जिससे पत्रकारों की अधिमान्यताएं नहीं हो पाती। मध्य प्रदेश में तात्कालिक मुख्यमंत्री ने 70 वर्ष से ऊपर के पत्रकारों को सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की थी लेकिन जनसंपर्क विभाग द्वारा लगातार यह कहकर की जिन पत्रकारों की अधिमान्यता 10 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है वह पत्रकार भले ही 70 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं लेकिन उनका सम्मान निधि दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। सरकारों ने पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बनाने की बातें समय-समय पर कही लेकिन आज तक सुरक्षा कानून नहीं बनाया गया ।पत्रकारों की यात्राओं में छूट दी जाती थी लेकिन कोरोना काल के दौरान में उस सुविधा को बंद किया गया था जिसे आज तक शुरू नहीं किया गया। पत्रकारों की मांग है की यात्रा में दी जाने वाली छूट को तत्काल लागू किया जावे।

> सम्मेलन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह राठौर ,राष्ट्रीय देश दर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रदीप सिंह, साहित्य प्रकोष्ठ के प्रभारी रामलखन चौरसिया वागीश ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन सचिव चुन्नू कुशवाहा ,मध्य प्रदेश के प्रांतीय कोषाध्यक्ष नवीन कुमार तिवारी, प्रांतीय मुख्य महासचिव वीरेन्द्र मिश्रा, प्रांतीय प्रवक्ता दिलीप त्रिपाठी, प्रांतीय सचिव डॉ मनोज पाठक, रीवा संभाग के संभागीय अध्यक्ष प्रभुनाथ पांडेय, महिला विंग की संभागीय अध्यक्ष संगीता पटेल, मैहर जिला अध्यक्ष जी एल चौरसिया, सीहोर जिलाअध्यक्ष अजय पेरवाल, अशोक सोनी, रामपुर बाघेलान ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर तिवारी, शशि सिंह तिवारी, अनुराग सिंह तिवारी, भारत लाल पटेल, विजय चौरसिया, श्रीमती गुलाब वती पान्डेय ,नितेश तिवारी, प्रमोद तिवारी, हरिओम पान्डेय ,मोहम्मद वसीम, हरिशंकर श्रीवास्तव प्रयागराज ,रीवा ब्लॉक अध्यक्ष बाल गोविंद द्विवेदी, पत्रकार श्रवण कुमार उपाध्याय, धनंजय तिवारी अमरकंटक, विपुल बारिया जितेंद्र सितोले सुशील परमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सतवानी ,राजकुमार बजाज, पंकज पान्डेय ,अमित पटेल, अमरीश पटेल, ज्ञानवती द्विवेदी, रश्मि विश्वकर्मा, रामकुमार रजक ,मोहम्मद मिराज सहित छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष हेमंत कुमार और उनकी टीम के साथ सैकड़ों की संख्या में पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी सम्मिलित रहे। सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकारों एवं पत्रकारों को विशिष्ट सम्मान पत्र, साल श्रीफल, अंगवस्त्रम उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय मुख्य महासचिव वीरेन्द्र मिश्रा ने किया ।

**कार्यालय नगरपालिक निगम सिंगरौली जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )**

क्रमांक/1685/राजस्व/2026, सिंगरौली, दिनांक- 29/05/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के बिलौंजी आवासीय योजना वार्ड क्रमांक 42 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक 39 कुल क्षेत्रफल 530 वर्गफिट श्री रघुराज सिंह पिता श्री अवधराज सिंह निवासी जरहां पोस्ट जरहां तहसील सिंगरौली जिला सिंगरौली (म.प्र.)के नाम से 30 वर्षीय लीज पर आवंटित था। लीज ग्रहिता की दिनांक 31.01.2026 को मृत्यु हो चुकी है। लीज ग्रहिता के मृत्यु के पश्चात उनके जीवित वारिसगण क्रमशः श्रीमती सीता देवी सिंह पत्नी स्व. रघुराज सिंह (पत्नी), श्री अरुण प्रताप सिंह पिता श्री रघुराज सिंह (पुत्र), श्री रविप्रताप सिंह पिता श्री रघुराज सिंह (पुत्र) श्रीमती सुनीता सिंह पिता स्व. रघुराज सिंह पत्नी पंचराज सिंह (पुत्री) है। श्री रविप्रताप सिंह पिता श्री रघुराज सिंह निवासी जरहां जिला सिंगरौली म.प्र. के द्वारा उक्त भवन का वारिस नामान्तरण के अपने नाम से किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भवन का वारिस नामान्तरण श्री रविप्रताप सिंह पिता श्री रघुराज सिंह निवासी जरहां जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी का वैधानिक हक प्रभावित हो रहा हो तो इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आपत्तियाँ विधि मान्य नही होगी।

**उपायुक्त, नगरपालिक निगम, सिंगरौली**

**कार्यालय नगरपालिक निगम सिंगरौली जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )**

क्रमांक/1692/राजस्व/2026, सिंगरौली, दिनांक- 29/05/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के बिलौंजी आवासीय योजना वार्ड क्रमांक 42 जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक 24 कुल क्षेत्रफल 530 वर्गफिट श्रीमती सुशीला देवी पिता श्री वैजनाथ राम निवासी बिलौंजी वार्ड क्रमांक 42 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था। लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तों के अधीन उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती शिवकली गुप्ता पति श्री मून्नू लाल गुप्ता निवासी यूबीआई रोड सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात क्रेता श्रीमती शिवकली गुप्ता पति श्री मून्नू लाल गुप्ता निवासी यूबीआई रोड सिंगरौली म.प्र. के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अतः उक्त भवन क्रमांक 24 का नामान्तरण श्रीमती शिवकली गुप्ता पति श्री मून्नू लाल गुप्ता निवासी यूबीआई रोड सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियाँ विधिमान्य नहीं होगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, सिंगरौली**